# S.S. JAIN SUBODH P.G. COLLEGE, JAIPUR (AUTONOMOUS)
## असाइनमेंट कार्य अक्टूबर– 2025
### B.A./B.SC./B.COM. I Sem. (Pass/Honours Course)
### सामान्य हिन्दी

पूर्णांक : 10

नोटः प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न का चयन करते हुए चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| इकाई–1: | प्रश्न–1 | निम्नलिखित गद्यावतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए–<br><br>जहाँ बैठके यह लेख लिख रहा हूँ, उसके आगे, पीछे, दांयें, बायें शिरीष के अनेक पेड़ हैं। जेठ की जलती धूप में, जबकि धरित्री निर्धूम अग्निकुण्ड बनी हुई थी, शिरीष नीचे से ऊपर तक फूलों से लद गया था। कम फूल इस प्रकार की गर्मी में फूल सकने की हिम्मत करते हैं। कर्णिकार और आरग्वध (अमलतास) की बात मैं भूल रहा हूँ। वे भी आस–पास बहुत हैं, लेकिन शिरीष के साथ आरग्वध की तुलना नहीं की जा सकती। | 3 |
| | प्रश्न–2 | 'एक दुराशा' व्यंग्य–विनोद का सारांश अपने शब्दों में लिखते हुए, बतलाइए की इससे पाठकों को क्या प्रेरणा मिलती है? | |
| इकाई–2: | प्रश्न–3 | गुप्तजी के काव्य की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख करते हुए, उनकी राष्ट्रीय भावना पर प्रकाश डालिये। | 3 |
| | प्रश्न–4 | राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्तजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए। | |
| इकाई–3: | प्रश्न–5 | निम्नलिखित सूक्ति का पल्लवन कीजिए 'पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं।" | 2 |
| | प्रश्न–6 | निम्नलिखित सूक्ति का पल्लवन कीजिए 'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।; | |
| इकाई–4: | प्रश्न–7 | निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची लिखिए– सूर्य, चन्द्रमा। | 2 |
| | प्रश्न–8 | निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए– अहिल्या, उपयुर्क्त, श्रंगार, प्रिती। | |

Scanned with OKEN Scanner

# S.S. JAIN SUBODH P.G. COLLEGE, JAIPUR (AUTONOMOUS)
## असाइनमेंट कार्य अक्टूबर– 2025
### B.B.A./B.C.A. I Sem.
### सामान्य हिन्दी

पूर्णांक : 10

नोटः प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न का चयन करते हुए चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

इकाई–1: प्रश्न–1 निम्नलिखित गद्यावतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए–

पूछा जाएगा इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर क्यों गए थे? टूरिस्ट की हैसियत से या किसी फरार अपराधी को पकड़ने? नहीं, वे भारत की तरफ से सांस्कृतिक आदान–प्रदान के अन्तर्गत गए थे। चाँद सरकार ने भारत सरकार को लिखा था– "यों हमारी सभ्यता बहुत आगे बढ़ी है। पर हमारी पुलिस में पर्याप्त सक्षमता नहीं है। वह अपराधी का पता लगाने और उसे सजा दिलाने में अक्सर सफल नहीं होती। सुना है, आपके यहाँ रामराज है। मेहरबानी करके किसी पुलिस अफसर को भेजें जो हमारी पुलिस को शिक्षित कर दें।" 3

प्रश्न–2 'शिरीष के फूल' निबंध के लेखक का व्यक्तित्व एवं कृतित्व बतलाते हुए, इस निबंध का मूल भाव लिखिएं

इकाई–2: प्रश्न–3 गुप्तजी कृत 'भारत की श्रेष्ठता' कविता का मूल भाव लिखिए। 3

प्रश्न–4 'भारत की श्रेष्ठता' कविता में गुप्तजी ने हमारे पूर्वजों की किन विशेषताओं का वर्णन किया है? बतलाइए।

इकाई–3: प्रश्न–5 निम्नलिखित सूक्ति का पल्लवन कीजिए "पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले।" 2

प्रश्न–6 निम्नलिखित सूक्ति का पल्लवन कीजिए– 'महत्त्वाकांक्षा का मोती निष्ठुरता की सीपी में पलता है।'

इकाई–4: प्रश्न–7 निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची लिखिए– अमृत, कमल। 2

प्रश्न–8 निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए– उज्जवल, रचियेता, कवियत्री, किर्ती।

Scanned with OKEN Scanner